>

Title: Regarding dilapidated condition of National Highways in Uttar Pradesh.

श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर): सर, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने मुझे सत्र के आखिरी दिन बोलने का मौका दिया है। इंसान के लिए सड़क, बिजली, पानी की जरूरत है लेकिन साथ ही उत्तर प्रदेश के जो हाईवेज हैं उनकी हालत देखने के बाद मुझे बहुत दुख होता है। उत्तर प्रदेश के नेशनल हाईवेज की हालत बहुत खराब है। सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे होने की वजह से एक्सीडेंट से लोगों की मौत हो जाती है। रामपुर, विलासपुर, काठगोदाम के नेशनल हाईवे-87 के लिए बहुत प्रयास करने के बाद काम का सैंक्शन हुआ, लेकिन वहां काम शुरु नहीं हुआ है। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि इसे जल्दी से शुरु करना चाहिये। मुरादाबाद, टांडा, डडियाल, बैजपुर में स्टेट हाईवे है, इसमें कार्य का सैंक्शन नहीं हुआ है, यहां भी काफी एक्सीडेंट्स होते हैं। रामपुर से रुद्रपुर जाने वाली जो हाईवे की सड़क है, उसकी हालत भी बहुत खराब है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि लोगों को एक्सीडेंट्स से बचाने के लिए इन कामों को जल्द शुरू किया जाए।